कार्यालय– स्टेट लेविल नोडल एजेन्सी
समेकित जल संग्रहण प्रबन्धन परियोजना
परती भूमि विकास विभाग,
एल्डिको कॉरपोरेट टॉवर, विभूति खण्ड़ गोमती नगर लखनऊ
दूरभाष–0522–4005337, 4113437 ईमेल–sldcldwrlu-up@nic.in

पत्रांक– 364 / एस.एल.डी.सी. / 2015–16 दिनॉक 02 जून,2015

1 समस्त उप निदेशक,
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0।
2. समस्त भूमि संरक्षण अधिकारी,
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0।

उल्लेखनीय है कि आई0डब्लू0एम0पी0 के अन्तर्गत संचालित परियोजनाओं में प्रदेश में लगभग 900 डब्लू0डी0टी0 के सदस्य कार्यरत हैं। इन कर्मचारियों को मासिक पारिश्रमिक का भुगतान परियोजना फण्ड के प्रशासनिक मद से होता है। वर्ष 2011–12 एवं 2012–13 परियोजनायें अभी डीपीआर बनाये जाने के स्तर पर है। ऐसी स्थिति में निर्धारित अवधि में परियोजनाओं का पूर्ण होना सम्भव नहीं है। वर्ष 2014–15 में परियोजना फण्ड के प्रशासनिक मद में जो धनराशि अनुमन्य हुई है उससे डब्लू0डी0टी0 सदस्यों को वर्ष 2014–15 के लम्बित पारिश्रमिक का भुगतान प्रदेश के कतिपय जनपदों में सम्भव नहीं हो पा रहा है। भविष्य में भारत सरकार द्वारा आई0डब्लू0एम0पी0 को प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना में अच्छादित करने का निर्णय लिया गया है तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार के मध्य 90:10 वित्त पोषण को संशोधित कर 50:50 प्रतिशत किया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में असमंजस की स्थिति विद्यमान है तथा स्पष्ट नहीं कि किस सीमा तक धनराशि परियोजना संचालन में उपलब्ध हो सकेगी।

उक्त को दृष्टिगत रखते हुये उचित प्रतीत होता है कि परियोजना मद की धनराशि प्राप्त न होने के कारण आपके जनपद में यदि डब्लू0डी0टी0 सदस्यों का मासिक पारश्रमिक भुगतान किया जाना सम्भव नहीं है तो जनपद के समस्त डब्लू0डी0टी0 सदस्यों की सेवायें वापस लेने हेतु सेवा प्रदाता विबग्योर इन्फो0 प्रा0लि0 से अनुरोध कर लिया जाये तथा लम्बित समस्त पारिश्रमिक का भुगतान करते हुये डब्लू0डी0टी0 सदस्यों को सेवा प्रदाता विबग्योर इन्फो0 प्रा0लि0 के लिये कार्यमुक्त कर दिया जाये।

(आञ्जनेय कुमार सिंह)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

पत्रांक– / एस.एल.डी.सी. / 2015–16 दिनॉकित
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु–
1. प्रमुख सचिव, परती भूमि विकास विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0 (शामली, गाजियाबाद तथा गौतमबुद्धनगर को छोड़कर)
3. अध्यक्ष एवं प्रशासक शारदा सहायक समादेश क्षेत्रीय विकास एवं जल प्रबन्धन परियोजना लखनऊ।
4. अध्यक्ष एवं प्रशासक राम गंगा कमाण्ड परियोजना पाण्डुनगर कानपुर ।
5. संयुक्त निदेशक, समादेश बन्धु, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
6. विबग्योर इन्फो0 प्रा0लि0, रोहित भवन, सप्रू मार्ग, लखनऊ।

(आञ्जनेय कुमार सिंह)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी